पंचम चरण, कार्यक्रम-०४

राष्ट्रीय ई-संगोष्ठी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० क्रियान्वयन- संस्कृत शिक्षा के सन्दर्भ में

दिनांक 30 जून, 2021

संक्षिप्त प्रतिवेदन

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की बहुआयामी परियोजना **पण्डित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन** के अन्तर्गत **श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली** में स्थापित **शिक्षण अधिगम केन्द्र** द्वारा पंचम चरण के कार्यक्रमों में **'राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० क्रियान्वयन- संस्कृत शिक्षा के सन्दर्भ में'** विषय पर चतुर्थ राष्ट्रीय ई-संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 30 18 जून, 2021 को किया गया। इस वेबिनार के उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मुख्य बिन्दुओं से परिचित कराना तथा विशेष रूप से संस्कृत शिक्षा के सन्दर्भ में क्रियान्वयन हेतु अंतर्दृष्टि प्रदान करना। वेबिनार का आयोजन गूगल मीट के मंच पर एवं यूट्यूब के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ शिक्षण अधिगम केन्द्र की निदेशक **प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज** के स्वागत भाषण एवं वेबिनार सन्दर्भ द्वारा किया गया। उद्घाटन एवं समापन सत्र के अतिरिक्त वेबिनार में 03 व्याख्यान, पहला व्याख्यान- **डॉ. शकिला टी. शम्सू** (पूर्व ओ.एस.डी.-एन.ई.पी., उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा (एन.ई.पी. 2020: परिचय), दूसरा व्याख्यान **प्रो. संध्या सिंह** (प्रमुख, भाषा शिक्षा विभाग, एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली) द्वारा (एन.ई.पी. 2020 क्रियान्वयन - भाषा शिक्षा) एवं तीसरा व्याख्यान - **प्रो. चाँदकिरण सलूजा** (निदेशक-अकादमिक, संस्कृत संवर्द्धन प्रतिष्ठान, नई दिल्ली) द्वारा (एन.ई.पी. 2020 क्रियान्वयन - संस्कृत शिक्षा) दिया गया। इस ई-संगोष्ठी में 1072 प्रतिभागियों का पंजीकरण प्राप्त हुआ जिसमें भारत के 25 राज्यों से 852 प्रतिभागी एवं 04 केन्द्र शासित प्रदेशों से 220 प्रतिभागी रहे। 25 राज्यों के प्रतिभागियों में आन्ध्र प्रदेश से 30, असम से 09, बिहार से 47, छत्तीसगढ़ से 25, गोवा से 03, गुजरात से 26, हरियाणा से 83, हिमाचल प्रदेश से 13, झारखण्ड से 16, कर्नाटक से 21, केरल से 05, मध्य प्रदेश से 79, महाराष्ट्र से 69, मेघालय से 01, नागालैण्ड से 01, उड़ीसा से 18, पंजाब से 09, राजस्थान से 92, तमिलनाडू से 15, तेलंगाना से 09, त्रिपुरा से 06, उत्तराखण्ड से 61, उत्तर प्रदेश से 138 एवं पश्चिम बंगाल से 32 तथा 4 केन्द्र शासित प्रदेशों में अण्डमान निकाबार से 03, चण्डीगढ़ से 02, दिल्ली से 203 एवं जम्मू एवं कश्मीर से 12 प्रतिभागी रहे। वेबिनार की गुणवत्ता के बारे में प्रतिभागियों के दृष्टिकोण से वेबिनार के संदर्भ में ऑनलाइन प्रतिपुष्टि 04 बिंदु रेटिंग स्केल लेकर **उत्कृष्ट से संतोषजनक** तक पर लिया गया और प्राप्त औसत 79% उत्कृष्ट, 16% अति उत्तम, 05% उत्तम एवं 00% संतोषजनक रहा। इस ई-संगोष्ठी का समापन श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के माननीय कुलपति **प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय** के अध्यक्षीय भाषण एवं केन्द्र की निदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया। ई-संगोष्ठी के समापनोपरान्त सफल प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र मेल द्वारा प्रेषित किये गए।